**श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–06.07.2026 (सोमवार) को पूर्वाह्न 09.30 बजे बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पटना को उपलब्ध कराने हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

**उपस्थिति**

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री पवन कुमार, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री गौतम कुमार, कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना।
5. श्री निर्भय सयान, कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना।
6. श्री राजीव जैन, परियोजना प्रबंधक (SPECPL), भ0नि0वि0, बिहार, पटना।

सर्वप्रथम निदेशक, खेल विभाग द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में बी0सी0सी0आई0 घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु दिनांक–01.10.2026 से 31.01.2027 तक बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पटना को (Main Ground, Dressing rooms and practice pitches) दिये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

उक्त के संबंध में श्री पवन कुमार, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के अद्यतन स्थिति से निदेशक, खेल को अवगत कराया गया। जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निदेश दिया गयाः–

1. दिनांक–10.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विभागीय दल, भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पटना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर का संयुक्त निरीक्षण किया जाय।
2. टूर्नामेंट के लिए स्टेडियम के पश्चिमी भाग को अक्टूबर–2026 से पूर्व तैयार किये जाने का निदेश श्री राजीव जैन, परियोजना प्रबंधक (SPECPL) को दिया गया।
3. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर को पूर्ण रूप से दिसम्बर–2026 तक पूर्ण किये जाने का निदेश श्री पवन कुमार, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं श्री राजीव जैन, परियोजना प्रबंधक (SPECPL) को दिया गया।

6.7.26

4. श्री पवन कुमार, अधीक्षक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा पवेलियन के साफ–सफाई एवं रख–रखाव हेतु सफाईकर्मी उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

उक्त के संबंध में भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

अंत में सधन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

06.7.26

(श्री आरिफ अहसन)
निदेशक।

ज्ञापांक– 2529 पटना/दिनांक–8.7./2026

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/कार्यपालक अभियंता संरचना प्रमंडल संख्या–01/परियोजना प्रबंधक (SPECPL), भवन निर्माण विभाग, पटना/ संयुक्त सचिव/ निदेशक (खेल), के आशुलिपिक/सचिव, बी0सी0ए0, पटना/सहायक निदेशक, राजगीर/आई0टी0 मैनेजर/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06.7.26

6.7.26

निदेशक।